# जल संचय के लिए बोरीबन्धान जैसे कार्य सराहनीय पहल

▸ सुन्दराबाद में आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा

**बड़नगर। जल संचय अभियान के तहत ग्राम पंचायत सुंदराबाद एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा किया जा रहा बोरीबन्धान का कार्य काफी सराहनीय है। इस तरह के कार्य प्रत्येक गांव में आयोजित होना चाहिए जिससे जल स्तर में वृद्धि हो और जनजीवन सुलभ हो।**




उक्त विचार जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोवर्धनलाल मालवीय ने सुंदराबाद में आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। आपने कहा कि जल, हरियाली, गो संरक्षण, स्वच्छता और ऊर्जा बचत जैसे विषय पर आप सबकी सक्रिय सहभागिता अन्य सभी के लिए प्रेरणा दायक रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच ज्योति अजय पंड्या ने की। बोरी बंधान कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विस्तृत भूमिका मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक रेणुका श्रोत्रिय ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन शिवकांत पांडे, उमाशंकर मेहता, पंचायत समन्वय अधिकारी प्रकाशचंद्र राठौर, दीपक पंड्या ने भी अपने भावपूर्ण विचार व्यक्त करते हुए सुंदराबाद टीम को बधाई दी। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों ने तालाब मार्ग पर नारेबाजी के साथ पैदल रैली निकाल कर जल संचय का संदेश दिया। बोरी बंधान के पश्चात सभी सदस्यों ने जल संग्रहण की शपथ ली तथा टंकी परिसर स्थित वृहद पौधारोपण स्थल श्री महाकाल वाटिका में लगाए गए सैकड़ो पौधों का अवलोकन भी किया जहां पर 151 बिलपत्र के अलावा छायादार, फुलदार फलदार व औषधिय पौधे लहरा रहे हैं। सरपंच प्रतिनिधि अजय पंड्या ने प्रेरणा गीत जीवन में कुछ करना है तो मन के मारे मत बैठो की प्रस्तुति दी। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष घनश्याम सिंह पंड्या, मेंटर्स अर्जुनसिंह डोडिया, आशुतोष शर्मा, ग्राम पंचायत सचिव धर्मेंद्र बैरागी, मुकेश शर्मा, इंदरसिंह भाटी ने अतिथियों का दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया। संचालन अर्जुनसिंह डोडिया ने किया आभार बंटी पंड्या ने माना। कार्यक्रम में अरविंद राठौड़, मांगीलाल यादव, संजय सिंह राठौर, मोहनलाल यादव, पटवारी शुभी बावने, कुंजलता तिवारी, रजनी रघुवंशी, संजय सिंह गोयल, तेजसिंह सिसोदिया, अभिजीत पंड्या, नवांकुर संस्था पदाधिकारी, मेंटर्स सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण जनों की उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में समरसता भोज का आयोजन हुआ।

# 13 और 20 दिसंबर को जरूरतमंदों के लिए चलाया जाएगा नेकी का वाहन

**उज्जैन। आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं समाजसेवी अजीज भाई दरगाह वाला की स्मृति में 13 दिसंबर एवं दीन दुखियों की मसीहा मदर टेरेसा एवं शिक्षाविद छाया श्रीवास्तव की स्मृति में 20 दिसंबर को जरूरतमंदों के लिए नेकी का वाहन चलाया जाएगा।**

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली ने बताया कि संस्था द्वारा गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी शीत ऋतु से बचने के लिए नेकी का वाहन दो शख्सियतों की स्मृति में प्रत्येक शनिवार रात्रि 10 बजे शहर के विभिन्न चौराहों से चलाया जाएगा। उपसंयोजक नासिर मंसूरी एवं संयुक्त सचिव सोनू सिंह आनंद ने बताया कि इस सप्ताह आजाद हिंद फौज के संस्थापक, महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं समाजसेवी अजीज भाई दरगाह वाला की स्मृति में जरूरतमंदों के लिए के लिए नेकी का वाहन छत्री चौक से चलाया जाएगा। जिसमें कंबल और गर्म कपड़े, स्वेटर, जरकिन जरूरतमंदों को वितरित की जाएगी। सहसंयोजक मुश्ताक खान एवं उपाध्यक्ष सैयद उस्मान हसन ने बताया 20 दिसंबर शनिवार को दीन दुखियों की मसीहा मदर टेरेसा एवं शिक्षाविद छाया श्रीवास्तव की स्मृति में नेकी का वाहन फ्रीगंज टावर से चलाया जाएगा। समाजसेवी मोहम्मद इकबाल उस्मानी ने सभी सामाजिक संगठनों एवं संपन्न नागरिकों से अपील कि वह भी शीत ऋतु से बचने के लिए जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं और अपने स्तर पर जरूरतमंदों को कंबल, रजाई, जरकिन और ग्रीष्म वस्त्र उपलब्ध कराएं। जानकारी नासिर हुसैन भइयूभाई एवं डॉ शकील अंसारी ने दी।

## एक नजर में

### गुमटी हटाने को लेकर विवाद, परिषद पर मनमानी के आरोप

**माकड़ोन।** नगर परिषद द्वारा (गुमटी) हटाने की कार्रवाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि नगर परिषद कर्मचारी और सीएमओ चयनित रूप से कार्रवाई कर रहे हैं, जिससे सौतेला व्यवहार महसूस हो रहा है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पिछले 20 वर्षों से विधिवत टैक्स जमा करके दुकानें चला रहे लोगों की गुमटियां हटाई जा रही हैं। जबकि बाजार में सैकड़ों गुमटियां वर्षों से बंद पड़ी हैं, जिनसे कोई वसूली नहीं होती उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। स्थानीय दुकानदार अनोखी लाल पिता छीतरमल बाघेला ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से गुमटी में चाय की दुकान चला रहा हूं और प्रतिदिन 10 का टैक्स नगर परिषद को जमा करते हैं. इसके बावजूद नगर परिषद उनकी गुमटी हटाकर उन्हें बेरोजगार करने पर तुली है. स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद की चयनित कार्रवाई और शासन-प्रशासन की अनदेखी के कारण क्षेत्र में अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नजर नहीं आ रही. इस संबंध में नगर परिषद सीएमओ ने बताया कि गुमटी हटाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज हुई थी। संबंधित स्थान पर एक कुंआ है, जहां प्रतिदिन लोग पूजा-पाठ करने आते हैं। कुएं के सामने तेजाजी का मंदिर स्थित होने के कारण यहां लगातार आने-जाने वालों की भीड़ रहती है। इसी वजह से रास्ते में बाधा बन रही गुमटी को हटाया गया.

### अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया



**उज्जैन।** आगर रोड पर पोताला तिब्बती शरणार्थी वुलन मार्केट पर व्यापारियों द्वारा अपना व्यापार दोपहर 2 बजे तक बंद कर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस एवं एवं धर्मगुरु दलाई लामा जी का करुणा वर्ष 2025-2026 मनाया गया। सोनम लहजे ने बताया कि विश्व में शांति के लिए सुबह सभी ने मिलकर पूजा की एवं अपने धर्मगुरु की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर सभी व्यापारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। तिब्बती आजादी के अग्रदूत परम पावन दलाई लामा जी को 1989 में विश्व शांति के लिए नोवल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसी अवसर पर प्रतिवर्ष सभी तिब्बतीयों द्वारा खुशी का उत्सव मनाया जाता है. अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के साथ ही धर्मगुरु की 90 वर्ष की उम्र होने के उपलक्ष में करुणा और मानवता के संदेश को प्रसारित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025-2026 को करुणा वर्ष के रूप में मनाया गया.

### तिब्बती व्यापारियों का किया सम्मान



**उज्जैन।** मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय महामंत्री तपन अग्निहोत्री के आहवान पर आगर रोड स्थित पोताला तिब्बती शरणार्थी वुलन मार्केट के व्यापारियों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। अली असगर पाटला वाला ने बताया कि तिब्बती व्यापारियों द्वारा उज्जैन में रहकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस उत्साह के साथ मनाया गया. इसी उपलक्ष्य में संस्था ने व्यापारी महिलाओं को सम्मानित कर नारी शक्ति और सम्मान का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि दूर-दराज से आई महिलाएं यहां आकर साहस के साथ व्यापार करती हैं. उनके हौसले को प्रोत्साहित करने और समाज में महिला शक्ति का गौरव बढ़ाने हेतु यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया.

### संतों के सानिध्य में हनुमान अष्टमी पर होगा भंडारा



**घट्टिया।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर अतिप्राचीन लवखेड़ी हनुमान मंदिर में दो दिवसीय राम रामायण हवनात्मक महायज्ञ एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। मंदिर पुजारी संजय शर्मा ने बताया कि श्री श्री 1008 बाबा सियारामदास त्यागी के सानिध्य में लवखेड़ी मानस मंडल के तत्वावधान में मंदिर में हनुमानजी का आकर्षक चोला श्रृंगार कर मंदिर को फूलों से सजाकर गुरुवार से हवन प्रारंभ होकर शुक्रवार को हनुमान अष्टमी पर भंडारे के आयोजन के साथ समापन होगा। शुक्रवार शाम हनुमानजी को 56 भोग लगाकर कांकड़ आरती की जाएगी.

### पॉलिसीबाज़ार का एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम 200 शहरों में

**उज्जैन.** भारत के प्रमुख इंश्योरेंस प्लेटफॉर्म पॉलिसीबाजार ने हाल ही में अपनी कस्टमर फर्स्ट इनिशिएटिव, एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम, में बड़ी सफलता हासिल की है. इस प्रोग्राम के जरिए अब तक लगभग 20 हजार ग्राहकों को सेवाएं प्रदान की गई हैं. इस कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए जनवरी 2026 के अंत तक पॉलिसीबाजार यूएडीपी की पहुंच का विस्तार 200 शहरों तक करने वाला है, जो भारत के हर कोने में इस पहल की पहुंच को दर्शाता है. यह कार्यक्रम उपभोक्ताओं को क्लेम और सर्विस का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए बनाया गया है. कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, भारत के लगभग हर कोने में इस पहल की पहुंच है, जिससे पॉलिसीधारक आसानी से अपने क्लेम सेटल कर सकते हैं. कंपनी ने मोटर इंश्योरेंस क्लेम को बेहतर बनाने के लिए 2024 में एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम शुरू किया था. इसका उद्देश्य पॉलिसीधारकों को आसान, पारदर्शी और तुरंत सेवा प्रदान करना है.

### माधव कॉलेज में महिला खो खो प्रतियोगिता आज से

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय के मैदान पर महिला खो खो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 11-12 दिसंबर को होगा। प्रतियोगिता में रीवा, ग्वालियर, इंदौर, सागर, जबलपुर, भोपाल एवं उज्जैन संभाग के अतिरिक्त छिंदवाड़ा, खरगोन, गुना, शहडोल, छतरपुर के क्षेत्रीय महिला भाग ले रही है। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार होंगे। अध्यक्षता विधायक अनिल जैन कालुहेडा करेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेश नाथजी महाराज, मप्र हिंदी ग्रंथ अकादमी के निदेशक अशोक कड़ेल, निगम सभापति कलावती यादव एवं महापौर मुकेश टटवाल अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे.



# भारत माता की जय में ही समरसता है -डॉ. सौरव परिख

**बड़नगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उज्जैन ग्रामीण द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक समरसता सप्ताह के अंतर्गत नगर इकाई ने समरसता दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगम चौराहे पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मालवा प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. सौरव परिख द्वारा माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने भारत माता और बाबा साहब के जयकारे लगाते हुए सांदीपनि विद्यालय तक प्रभात यात्रा निकाली। विद्यालय पहुंचने पर नगर अध्यक्ष अखिलेश पाठक ने स्वागत उद्बोधन दिया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. सौरव परिख ने समरसता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा आज हमें समरसता दिवस मनाने की आवश्यकता इसलिए है क्योंकि हमारी एकता और समरसता को विखंडित करने के प्रयास हुए हैं। भारत माता की जय में ही सारी समरसता समाई हुई है। जब हम भारत माता की जय बोलते हैं तो यह मानकर चलते हैं कि हम सब भारतीय एक हैं और हममें कोई भेदभाव नहीं है। कार्यक्रम में प्राचार्य कृष्णदास बैरागी ने भी अपने विचार रखे। संचालन प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दर्शन सिंह जादव ने किया तथा आभार नगर मंत्री सागर कुमावत ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे और समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# होगा काव्य संग्रह सुप्रज्ञ कृति का विमोचन

**उज्जैन।** राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी एवं मदनमोहन मालवीय के जयंती दिवस पर 25 दिसम्बर को डॉ. प्रभु चौधरी द्वारा सम्पादित अटल-महामना संचेतना समाचार विशेषांक तथा डॉ. मनीष दवे, इंदौर के संपादन में प्रकाशित काव्य संग्रह सुप्रज्ञ कृति का विमोचन समारोह में किया जाएगा। आयोजन समिति की सचिव रंजना पांचाल ने बताया कि समारोह में मार्गदर्शक अनिता दुबे निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. जवाहर कर्नावट भोपाल, विशेष अतिथि पूर्व कुलाधिपति डॉ. आंबेडकर केंद्रीय विवि लखनऊ डॉ. प्रकाश बरतूनिया भोपाल, डॉ. अशोककुमार भार्गव आईएएस भोपाल, डॉ. अरुण कुमार पासवान, अरविन्द जैन की गरिमामय उपस्थिति तथा ब्रजकिशोर शर्मा की अध्यक्षता में होगा। समारोह में साहित्यकारों से उपस्थिति की अपील डॉ. मनीषा ठाकुर, रेवती आलवे, ज्योति तिवारी, पूजा शर्मा, मधुलता शर्मा, पुष्पा गरौठिया, संगीता हड़कें, मनीषा खेडेकर आदि ने की है।

# एसआईआर अभियान को गति देने हेतु विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह ने नगर मंडल की बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**नागदा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे एस आई आर अभियान को सशक्त बनाने हेतु भाजपा संगठन द्वारा जन-जागरूकता एवं समन्वय की गतिविधियां सतत रूप से संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में क्षेत्र के विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने नगर मंडल कार्यालय पर आयोजित बैठक में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।



निलेश मेहता ने बताया कि बैठक में विधायक डॉ. चौहान ने एसआईआर अभियान की प्रगति, लक्ष्यों एवं बीएलओ और कार्यकर्ताओं से जुड़ी आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने, सही जानकारी जनता तक पहुंचाने तथा बूथ स्तर पर समन्वय मजबूत करने हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए।

विधायक डॉ. चौहान ने कहा कि एसआईआर अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता को सूची में सही रूप से जोड़ना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और मजबूत बनाना है। कार्यकर्ता इस कार्य को सेवा भावना से प्राथमिकता पर पूर्ण करें।

बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित- विजय पटेल, गोपाल यादव, राकेश यादव, राजेंद्र अवाना, गोवर्धन परिहार, सुबोध स्वामी, सीएम अतुल, दौलतराम प्रजापत, सूरज मकवाना, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी। बैठक के दौरान आगामी चरणों की रणनीति, बीएलओ समन्वय, सत्यापन प्रक्रिया और बूथ स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का संचालन दौलतराम प्रजापत ने किया तथा आभार सूरज मकवाना ने माना। अंत में विधायक डॉ. चौहान ने एसआईआर अभियान को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का आह्वान किया तथा कार्यकर्ताओं को सक्रिय योगदान हेतु प्रेरित किया।

# कन्या महाविद्यालय में लैंगिक समानता-मिथक, चुनौतियां और बदलती युवा सोच पर हुआ व्याख्यान

**उज्जैन। मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में जेंडर क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में लैंगिक समानता-मिथक, चुनौतियां और बदलती युवा सोच विषय पर सारगर्भित व्याख्यान का आयोजन किया गया।**




जेंडर क्लब प्रभारी डॉ. पूजा साहू एवं एनएसएस प्रभारी प्रो. मोनिका परमार एवं डॉ. मीरा यादव के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथि स्वागत के पश्चात मुख्य वक्ता, मंडी संचालक पद से सेवानिवृत्त चंद्रशेखर वशिष्ठ ने अपने विचार व्यक्त किए- उन्होंने कहा कि लैंगिक असमानता का मूल कारण हमारे समाज की पितृसत्तात्मक परंपरा में निहित है, जहां बेटों को बेटियों की अपेक्षा अधिक महत्व दिया जाता रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्त्रियों का योगदान अमूल्य है। विशेषकर सृष्टि के निर्माण जैसे महान कार्य में उनकी भूमिका अनुपम है। वशिष्ठजी ने छात्राओं को डिजिटल माध्यमों के फायदों व दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और समानता के लिए अनेक योजनाएं और प्रकोष्ठ स्थापित किए हैं, जिनकी जानकारी और उपयोग आवश्यक है।

जानकारी महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ. रूपा भावसार ने जदेते हुए बताया कि सेवा भारती के अंतर्गत संस्था मातृ छाया की संचालिका श्रीमती सीमा वशिष्ठ ने छात्राओं को पारिवारिक सामंजस्य बनाए रखने की प्रेरणा देते हुए कहा कि अधिकारों के साथ कर्त्तव्यों का निर्वहन भी समान रूप से आवश्यक है। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने की। संचालन प्रो. मोनिका परमार ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. पूजा साहू ने किया। कार्यक्रम में डॉ. कविता जैन, डॉ. भावना नागर, डॉ. स्मिता देराश्री, डॉ. आनंद सिंदल, डॉ. मनीष परमार एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक उपस्थिति दर्ज कराई।




# मानव अधिकार दिवस पर एक अधिकार, एक वाक्य कार्यक्रम आयोजित

**माकड़ोन।** शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में मानव अधिकार दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर को एक अधिकार, एक वाक्य विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानव अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाना था। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। संचालन रेड रिबन क्लब की प्रभारी डॉ. ज्योति जैन ने किया। गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से एक वाक्य में मानव अधिकारों का प्रभावी और सरल संदेश प्रस्तुत किया, जिसे संकाय सदस्यों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. कमल जटिया और डॉ. राजेंद्र सिंह सिसोदिया का विशेष योगदान रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रोग्राम अधिकारी डॉ. नीता जाधव ने सभी अतिथियों, सहयोगी शिक्षकों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की मानव अधिकार संरक्षण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।




# महिला एवं बालिकाओं के अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**माकड़ोन।** शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संदर्भित पत्र द्वारा जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जेंडर क्लब की प्रभारी डॉक्टर रूबी पांडेय द्वारा किया गया। जिसमें जागरूकता अभियान में अहम भूमिका पुलिस विभाग द्वारा महिला अधिकारी एवं उनकी टीम का मार्गदर्शन विद्यार्थियों को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नरेंद्र सरिया ने किया। विशेष सहयोग डॉ. रानी शर्मा, डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता ने निभाई। जागरूकता अभियान कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण केन्द्र बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पिंकी सिंह राठौड़ का भाषण था। छात्रा ने व्याख्यान में महिला सशक्तिकरण, समानता अंतर्गत लैंगिक हिंसा को समाप्त करने तथा महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों और हकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने वाला था। अध्यक्षयता उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित ने लिंग आधारित हिंसा से निपटने के लिए विशेष बातें बताई गई। आभार जेंडर समिति प्रभारी डॉ. रूबी पाण्डेय ने किया।

प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित ने अंत में पुलिस विभाग से आई महिला अधिकारी टीम एवं सभी विद्यार्थियों व संयोजकों को कार्यक्रम में सफलतापूर्वक समापन के लिए बधाई दी। डॉ. नरेंद्र सरिया ने जानकारी दी।

## एक नजर

### घट्टिया में आरोग्य भारती मालवा प्रांत द्वारा गर्भवती महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# गर्भावस्था के दौरान संतुलित और पोषण युक्त आहार पर ध्यान दें महिलाएं : डॉ. आकांक्षा यादव

**घट्टिया।** आरोग्य भारती मालवा प्रांत की उज्जैन टोली द्वारा पंचायत भवन में गर्भवती महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसएन कृष्णा हॉस्पिटल उज्जैन की संचालक डॉ. आकांक्षा यादव ने गर्भवती महिलाओं को परामर्श दिया। डॉ. आकांक्षा यादव ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि गर्भावस्था के दौरान विशेष ध्यान रखना चाहिए एवं संतुलित और पोषण युक्त आहार जैसे फल, सब्जियां, दूध इत्यादि का सेवन करना चाहिए साथ ही हमें मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान भी रखना चाहिए। डॉ. आकांक्षा यादव ने महिलाओं को गर्भावस्था से पूर्व देखभाल, गर्भवती महिलाओं की नार्मल डिलेवरी कैसे हो, स्वस्थ मां स्वस्थ संतान कैसे पैदा हो, गर्भ से जुड़ी सारी समस्याओं का निदान, विभिन्न स्त्री रोग संबंधित समस्याओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। शिविर में महिलाओं की जरूरी जांचें कर हेल्थ चेकअप किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमओ डॉ. अनुज शल्या ने की। कार्यक्रम में सरपंच यशवंत मालवीय, गोविन्द शर्मा, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश अहिरवार, जिला सचिव मनीष अग्रवाल, रवि यादव, डॉ. दीपक जोशी, डॉ. हेमंत रावल, डॉ. याशिका बचले, ललित नागर, सुमित चौहान, वंदना नवराती, विनीता भटनागर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

